भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-1142
उत्तर देने की तारीख-29/07/2026

निपुण भारत मिशन और मूलभूत साक्षरता एवं संख्या ज्ञान

1142 # श्रीमती सीमा द्विवेदी:
श्री बृज लाल:
डा. संदीप कुमार पाठक:
श्री केसरीदेवसिंह झाला:

क्या ***शिक्षा*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों तथा चालू वर्ष के दौरान निपुण भारत मिशन के अंतर्गत कितने विद्यार्थियों को शामिल किया गया है;
(ख) तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) उक्त अवधि के दौरान इस मिशन के अंतर्गत आवंटित तथा जारी की गई निधियों का ब्यौरा क्या है; और
(घ) वर्ष 2026-27 तक सार्वभौमिक मूलभूत साक्षरता एवं संख्या-ज्ञान के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) और (ख): स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग (डीओएसई एंड एल), शिक्षा मंत्रालय (एमओई) ने दिनांक 5 जुलाई, 2021 को " राष्ट्रीय बोध पठन एवं संख्या ज्ञान दक्षता पहल (निपुण भारत मिशन (एनबीएम))" नामक एक राष्ट्रीय मिशन शुरू किया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि देश में प्रत्येक बच्चा कक्षा 2 के अंत तक आवश्यक रूप से बुनियादी साक्षरता और संख्याज्ञान (एफएलएन) प्राप्त करें। यह मिशन राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप है, जिसे स्कूल शिक्षा के लिए एक एकीकृत योजना- केंद्र प्रायोजित योजना समग्र शिक्षा के तत्वावधान में स्थापित किया गया है। सभी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र एनबीएम को कार्यान्वित कर रहे हैं। यह पहली बार है कि 3-6 वर्ष आयु वर्ग को 5+3+3+4 संरचना में बुनियादी चरण

में स्कूल की निरंतरता में 3 वर्ष की बालवाटिका और कक्षा 1 तथा 2 सहित शामिल किया गया है। सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में बुनियादी चरण के लिए राज्य-वार नामांकन अनुलग्नक-। में है।

(ग): राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को एनबीएम सहित समग्र शिक्षा के तहत मध्यवर्तनों के कार्यान्वयन के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है, जो राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा उनकी आवश्यकताओं और प्राथमिकता के आधार पर तैयार समग्र शिक्षा के तहत वार्षिक कार्य योजना और बजट (एडब्ल्यूपी एंड बी) के अनुसार है। इन योजनाओं को योजना के कार्यक्रम और वित्तीय मानदंडों के अनुसार राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के परामर्श से परियोजना अनुमोदन बोर्ड (पीएबी) द्वारा मूल्यांकित और अनुमोदित/अनुमानित किया जाता है। समग्र शिक्षा के लिए व्यय की गति, राज्य हिस्से के आनुपातिक की प्राप्ति, लेखापरीक्षित लेखाओं, राज्य हिस्से के संचयी उपयोग का विवरण, बकाया अग्रिमों का विवरण, अद्यतन व्यय विवरण, और लेखापरीक्षित उपयोगिता प्रमाण पत्र जैसी कुछ शर्तों की पूर्ति के आधार पर निधियां जारी की जाती है। पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान निपुण भारत मिशन के तहत आवंटित निधियों का राज्य-वार ब्यौरा अनुलग्नक-II में है।

(घ): सार्वभौमिक बुनियादी साक्षरता और संख्याज्ञान (एफएलएन) प्राप्त करने और अधिगम परिणामों में सुधार करने के लिए निपुण भारत मिशन के तहत की गई विभिन्न पहलों में शामिल हैं:

- कक्षा-1 के लिए 3 माह का खेल आधारित 'स्कूल तैयारी मॉड्यूल और दिशानिर्देश' 'विद्या प्रवेश' नाम से दिनांक 29 जुलाई, 2021 को शुरू किया गया था। विद्या प्रवेश कार्यक्रम का लक्ष्य विविध पृष्ठभूमि (बालवाटिका, आंगनवाड़ी केंद्र (एडब्ल्यूसी), घर पर, निजी प्ले स्कूल आदि) से कक्षा-1 में आने वाले सभी बच्चों में स्कूल की तैयारी को बढ़ावा देना है, ताकि बच्चों का कक्षा-1 में सुचारू रूप से स्थानांतरण सुनिश्चित किया जा सके। यह बच्चों के पूर्व-साक्षरता, पूर्व-संख्याज्ञान, संज्ञानात्मक और सामाजिक कौशल को बढ़ावा देने के लिए समग्र विकास के लिए एक आनंददायक और उत्तेजक वातावरण में खेल-आधारित, आयु और विकासात्मक रूप से उपयुक्त अधिगम का अनुभव प्रदान करता है। इस कार्यक्रम को पूरे देश में कार्यान्वित किया जा रहा है। वर्ष 2022-23 से अब तक 8.8 लाख स्कूलों में 5 करोड़ से अधिक छात्र लाभान्वित हुए हैं।
- 3 से 6 वर्ष की आयु वर्ग के लिए शिक्षण अधिगम विषयवस्तु (एलटीएम) का एक संग्रह जादूई पिटारा (जेपी) दिनांक 20 फरवरी, 2023 को शुरू किया गया था। यह एक बक्सा है जिसमें बुनियादी चरण के लिए 53 एलटीएम जैसे छात्रों के लिए खिलौने, खेल, पहेलियाँ, कठपुतलियाँ, पोस्टर, फ्लैशकार्ड, कहानी कार्ड, प्ले बुक सेट और शिक्षकों के लिए हैंडबुक है। उपयोगकर्ता मैनुअल और सभी गतिविधि कार्ड, चित्र पठन पोस्टर, कहानी कार्ड और जेपी के निर्देशों का 22 भाषाओं में अनुवाद किया गया है। इसमें एक

प्रशिक्षक की पुस्तिका 'उन्मुख' भी शामिल है जो प्रशिक्षकों के लिए एक व्यापक मार्गदर्शिका है जिसमें 3-6-वर्ष के बच्चों के लिए एक गतिविधि बैंक है।

- जेपी पर आधारित ई-जादूईपिटारा (ई-जेपी) को दिनांक 10 फरवरी 2024 को शुरू किया गया था। ई-जेपी खेल-आधारित शिक्षाशास्त्र सहित एक मोबाइल आधारित एप्लिकेशन और वेबसाइट है और जादूई पिटारा (3 से 8 वर्ष आयु वर्ग के लिए खेल आधारित अधिगम शिक्षण विषयवस्तु (एलटीएम) का संग्रह) के अधिगम का प्रसार करने का एक तरीका है। इसे https://ejaaduipitara.ncert.gov.in/. के माध्यम से एक्सेस किया जा सकता है।
- एनईपी 2020 और एनसीएफ-एफएस (बुनियादी चरण हेतु राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा) की सिफारिशों को पूरा करते हुए कक्षा 1 और 2 के लिए खेल और गतिविधि आधारित पाठ्यपुस्तकें भी तैयार की गई हैं और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों (हिंदी- "सारंगी", अंग्रेजी- "मृदंग", "गणित- आनंदमय-गणित और आनंदमय-गणित" और उर्दू- "शहनाई") के साथ साझा की गई हैं।
- मातृभाषा में एफएलएन अधिगम के लिए 121 स्थानीय भाषाओं में प्राइमर तैयार किए गए हैं। ये कम से कम 10000 आबादी द्वारा बोली जाने वाली भाषाएं हैं।
- बालवाटिका से लेकर कक्षा 2 तक की बुनियादी साक्षरता और संख्याज्ञान के लिए लक्ष्य, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान के आधार पर अधिगम परिणामों के आधार पर तैयार किए गए हैं।
- शिक्षकों के सतत व्यावसायिक विकास को सुनिश्चित करने के लिए, सरकार ने अक्टूबर, 2020 में दीक्षा (डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर फॉर नॉलेज शेयरिंग) प्लेटफॉर्म पर निष्ठा ऑनलाइन लॉन्च किया। यह कार्यक्रम मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मज्ञान (एफएलएन) के विकासात्मक लक्ष्यों और सीखने के परिणामों के अनुरूप पाठ और वीडियो सामग्री सहित बहुभाषी प्रशिक्षण मॉड्यूल प्रदान करता है।
- शिक्षकों के निरंतर व्यावसायिक विकास को सुनिश्चित करने के लिए, सरकार ने अक्टूबर, 2020 में दीक्षा (डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर फॉर नॉलेज शेयरिंग) मंच पर निष्ठा ऑनलाइन शुरू किया। यह कार्यक्रम मूलभूत साक्षरता और संख्याज्ञान (एफएलएन) के विकासात्मक लक्ष्यों और अधिगम परिणामों के अनुरूप पाठ और वीडियो सामग्री सहित बहुभाषी प्रशिक्षण मॉड्यूल प्रदान करता है। दीक्षा सामाजिक-आर्थिक रूप से वंचित जिलों सहित देश भर में सुलभ उच्च गुणवत्ता वाले अधिगम संसाधनों के साथ एक समर्पित एफएलएन वर्टिकल भी होस्ट करता है। वर्तमान में, दीक्षा 133 भाषाओं (126 भारतीय भाषाओं और 7 विदेशी भाषाओं) में सामग्री मौजूद है, और निष्ठा एफएलएन और ईसीसीई के तहत, 15.57 लाख से अधिक उपयोगकर्ताओं ने सफलतापूर्वक ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरा किया है।

अनुलग्नक-I

'निपुण भारत मिशन और मूलभूत साक्षरता एवं संख्या ज्ञान' के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्रीमती सीमा द्विवेदी, श्री ब्रिज लाल, डा. संदीप कुमार पाठक और श्री केसरीदेवसिंह झाला द्वारा दिनांक 29.07.2026 को पूछे गए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1142 के उत्तर के भाग (क) और (ख) में उल्लिखित अनुलग्नक

सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में बुनियादी चरण के लिए राज्य-वार नामांकन				
राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	**2022-23**	**2023-24**	**2024-25**	**2025-26**
अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	11,291	11,042	10,913	11,474
आंध्र प्रदेश	6,40,500	6,64,776	5,82,824	5,44,883
अरुणाचल प्रदेश	48,179	46,616	40,359	37,964
असम	13,14,702	12,22,654	11,15,213	10,35,658
बिहार	36,35,668	25,90,376	25,11,248	24,28,158
चंडीगढ़	30,164	29,309	26,925	30,343
छत्तीसगढ	7,21,279	7,23,579	6,76,804	6,24,948
दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव	20,347	22,362	22,464	24,704
दिल्ली	4,50,703	4,16,484	3,85,120	3,54,797
गोवा	58,296	57,245	55,037	52,387
गुजरात	13,89,600	13,35,387	12,69,636	17,25,726
हरियाणा	3,90,089	3,04,590	3,15,643	3,24,882
हिमाचल प्रदेश	1,57,190	1,56,867	1,45,519	1,43,975
जम्मू एवं कश्मीर	4,02,784	4,18,042	3,90,012	3,60,676
झारखंड	11,24,858	10,56,983	9,11,220	8,54,140
कर्नाटक	12,31,328	9,96,359	9,14,375	8,91,573
केरल	9,08,195	8,79,307	8,14,291	7,49,451
लद्दाख	8,934	8,357	8,314	8,166

लक्षद्वीप	3,322	3,403	3,409	3,423
मध्य प्रदेश	17,37,576	15,28,342	12,45,396	11,82,094
महाराष्ट्र	25,85,858	24,19,182	22,26,691	22,06,774
मणिपुर	81,599	77,863	75,344	66,876
मेघालय	2,96,253	2,88,573	2,77,943	3,00,931
मिजोरम	45,663	43,612	39,308	38,971
नगालैंड	61,265	53,689	51,483	47,521
ओडिशा	10,64,315	10,08,836	9,17,659	10,51,011
पुदुचेरी	24,007	21,877	20,329	20,109
पंजाब	7,99,946	7,97,689	7,24,138	6,96,921
राजस्थान	16,49,319	13,24,618	10,54,543	10,53,570
सिक्किम	14,292	12,731	12,556	12,526
तमिलनाडु	9,78,945	8,81,865	7,93,853	7,65,646
तेलंगाना	5,07,830	4,08,333	3,69,732	3,86,831
त्रिपुरा	94,516	90,103	85,881	84,963
उत्तराखंड	48,81,250	37,37,647	28,95,290	30,32,603
उत्तर प्रदेश	1,64,080	1,40,936	1,06,552	77,636
पश्चिम बंगाल	34,85,224	35,19,543	32,71,717	31,33,498
सम्पूर्ण भारत	**3,10,19,367**	**2,72,99,177**	**2,43,67,741**	**2,43,65,809**

स्रोत: यूडाइज+

अनुलग्नक-II

'निपुण भारत मिशन और मूलभूत साक्षरता एवं संख्या ज्ञान' के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्रीमती सीमा द्विवेदी, श्री ब्रिज लाल, डा. संदीप कुमार पाठक और श्री केसरीदेवसिंह झाला द्वारा दिनांक 29.07.2026 को पूछे गए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1142 के उत्तर के भाग (ग) में उल्लिखित अनुलग्नक

निपुण भारत मिशन के तहत राज्यवार आवंटित निधियां

रुपए लाख में

क्र. सं	**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र**	**2023-24**	**2024-25**	**2025-26**	**2026-27**
कुल योग		**3,83,290.85**	**4,60,780.93**	**2,81,690.24**	**4,19,572.53**
1	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	866.74	764.23	836.32	837.88
2	आंध्र प्रदेश	6,184.48	7,842.35	3,732.30	7,455.05
3	अरुणाचल प्रदेश	3,596.81	3,704.90	3,514.69	839.3
4	असम	13,800.57	34,663.28	7,068.95	16,510.92
5	बिहार	48,337.02	65,361.86	25,385.06	60,614.96
6	चंडीगढ़	483.79	406.52	372.62	450.92
7	छत्तीसगढ	15,886.90	17,678.32	7,506.32	11,841.47
9	दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव	1,046.74	1,018.90	1,003.29	928.55
8	दिल्ली	6,428.72	8,553.69	5,577.95	7,072.44
10	गोवा	296.94	293.58	49.49	43.99
11	गुजरात	11,135.59	13,461.54	13,120.29	13,438.93
12	हरियाणा	11,755.65	9,737.24	2,301.23	5,302.37
13	हिमाचल प्रदेश	11,526.46	15,288.30	14,986.39	14,158.11
14	जम्मू एवं कश्मीर	19,390.83	18,399.82	15,955.20	11,974.55
15	झारखंड	11,939.48	15,334.93	6,119.98	20,321.90
16	कर्नाटक	10,044.22	9,463.97	9,397.99	21,140.29
17	केरल	5,250.79	5,631.18	3,666.76	3,610.35
18	लद्दाख	2,131.85	752.75	758.37	681.35
19	लक्षद्वीप	30.7	44.21	46.36	36.66
20	मध्य प्रदेश	32,797.48	43,175.68	15,572.15	26,147.31
21	महाराष्ट्र	21,853.42	18,918.77	7,905.88	20,714.46
22	मणिपुर	4,121.95	4,589.13	1,895.21	2,105.18
23	मेघालय	4,884.50	1,082.32	1,203.50	143.6
24	मिजोरम	1,655.45	1,370.69	1,315.08	1,214.12
25	नगालैंड	4,591.07	982.64	389.16	665.65
26	ओडिशा	15,000.99	15,060.12	29,408.09	27,811.61
27	पुदुचेरी	775.64	174.87	113.65	307.72
28	पंजाब	10,162.88	14,894.76	12,281.56	11,970.94

29	राजस्थान	15,156.90	15,379.14	5,682.64	15,437.26
30	सिक्किम	1,835.15	1,157.59	753.7	883
31	तमिलनाडु	13,086.10	16,917.51	5,462.43	12,279.21
32	तेलंगाना	2,753.43	4,421.39	8,148.11	4,990.27
33	त्रिपुरा	1,939.47	2,166.86	1,241.07	1,762.33
34	उत्तराखंड	4,571.27	5,085.57	2,285.12	4,043.02
35	उत्तर प्रदेश	53,987.75	66,364.13	55,996.36	85,487.14
36	पश्चिम बंगाल	13,983.12	20,638.20	10,637.00	6,349.71

स्रोत: प्रबंध पोर्टल

*****